# परिवारों का मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण: सितम्बर 2012 (29वां दौर) *

*जुलाई-सितम्बर 2012 तिमाही के लिए परिवारों (हाउसहोल्ड) के मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण में 12 शहरों के 4,000 शहरी परिवारों की आगामी तीन माह एवं आगामी एक वर्ष की अवधि की मुद्रास्फीति प्रत्याशा का आकलन किया गया है। ये प्रत्याशाएं उनके उपभोग की विभिन्न वस्तुओं पर आधारित हैं और इसलिए इन दरों को मुद्रास्फीति की आधिकारिक माप नहीं समझना चाहिए। परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं निकट भविष्य के मुद्रास्फीति संबंधी दबावों के बारे में उपयोगी दिशानिर्देशक सूचनाएं प्रदान करती हैं तथा भावी मुद्रास्फीति का बेहतर संकेत प्राप्त करने के लिए अन्य आर्थिक संकेतकों के पूरक के रूप में काम करती हैं।*

*अगले तीन महीनों में सामान्य मूल्यों में 'वर्तमान दर से अधिक दर पर' वृद्धि होने की प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं के अनुपात में पिछली तिमाही की तुलना में काफी गिरावट आई किंतु अगले एक वर्ष को लेकर उक्त प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं के अनुपात में वृद्धि हुई है। मीडियन के साथ-साथ मीन मुद्रास्फीति दर के आधार पर अनुभूत वर्तमान एवं आगामी तीन माह की मुद्रास्फीति प्रत्याशा दर में भी पिछले दौर की तुलना में कमी आई है। परंतु पिछले सर्वेक्षण दौर की तुलना में आगामी एक वर्ष की मीडियन मुद्रास्फीति प्रत्याशा दर में वृद्धि हुई और मीन मुद्रास्फीति प्रत्याशा दर में गिरावट आई। परिवारों की प्रत्याशा है कि मुद्रास्फीति में इस समय अनुभूत 10.6 प्रतिशत की तुलना में आगामी तीन महीनों और आगामी एक वर्ष में क्रमशः 90 और 210 आधार अंकों की वृद्धि होगी। पिछले दौर की तरह ही दैनिक मजदूरों तथा गृहिणियों की मुद्रास्फीति की प्रत्याशित दरें अन्य श्रेणियों की तुलना में उच्चतर थीं।*

## I. भूमिका

भारतीय रिज़र्व बैंक सितंबर 2005 से तिमाही आधार पर परिवारों का मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण करता आ रहा है। सर्वेक्षण में आगामी तीन महीने तथा आगामी एक वर्ष के मूल्यों में प्रत्याशित परिवर्तन और मुद्रास्फीति के बारे में गुणात्मक और मात्रात्मक उत्तर मंगाए जाते हैं। परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं व्यक्तिपरक आकलन हैं तथा ये व्यक्तियों के अपने उपभोग की वस्तुओं पर आधारित होती हैं, इसलिए ये सरकार द्वारा समय-समय पर जारी मुद्रास्फीति संबंधी आंकड़ों से भिन्न हो सकती हैं। इन मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं को मुद्रास्फीति की किसी आधिकारिक माप के पूर्वानुमान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, हालांकि इन मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं से भावी मुद्रास्फीति में बदलाव की दिशा के संबंध में उपयोगी संकेत मिलते हैं।

## II. नमूने का कवरेज और मांगी गई सूचना

यह सर्वेक्षण 12 शहरों में एक साथ किया जाता है तथा इसके उत्तरदाता 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग होते हैं। बड़े महानगरों अर्थात् दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नै में से प्रत्येक से 500-500 परिवार शामिल किये जाते हैं जबकि अन्य 8 शहरों जयपुर, लखनऊ, भोपाल, अहमदाबाद, पटना, गुवाहाटी, बैंगलोर और हैदराबाद से 250-250 परिवार लिये जाते हैं। उत्तरदाताओं के रूप में इन शहरों के विभिन्न भागों के लोगों को शामिल किया जाता है ताकि अधिकांश भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हो सके। उत्तर देनेवाले पुरुष और महिला समूहों का अनुपात सामान्यतः 3:2 रहता है। पेशे के अनुसार प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नमूना कवरेज में प्रायः लक्ष्य के अनुसार लोगों को शामिल किया जाता है (सारणी 1)।

**सारणी 1: उत्तरदाताओं का प्रोफाइल (श्रेणी): कुल नमूने में हिस्सा**

| उत्तरदाताओं की श्रेणी | कुल में हिस्सा (%) | लक्ष्य हिस्सा (%) |
|---|---|---|
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 9.4 | 10.0 |
| अन्य कर्मचारी | 16.3 | 15.0 |
| स्व-नियोजित | 21.5 | 20.0 |
| गृहिणियां | 29.3 | 30.0 |
| सेवानिवृत्त व्यक्ति | 9.0 | 10.0 |
| दैनिक कामगार | 9.0 | 10.0 |
| अन्य | 5.6 | 5.0 |

**टिप्पणी:** उक्त नमूनों का अनुपात सितम्बर 2012 को समाप्त तिमाही के सर्वेक्षण का है।

* सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग के पारिवारिक सर्वेक्षण प्रभाग में तैयार किया गया। इस विषयक पिछला लेख भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के अगस्त 2012 अंक में प्रकाशित किया गया था। सर्वेक्षण का परिणाम उत्तरदाताओं से प्राप्त जानकारी पर आधारित है और यह जरूरी नहीं है कि भारतीय रिज़र्व बैंक उससे सहमत हो।

सर्वेक्षण अनुसूची (अनुबंध) सात खंडों में विभाजित है जिसमें उत्तर देनेवालों का प्रोफाइल (खंड 1), सामान्य और उत्पादवार मूल्य प्रत्याशाएं (खंड 2 और 3), मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा उठाए गये कदमों के संबंध में प्रतिसूचना (खंड 4), वर्तमान और अनुमानित मुद्रास्फीति दर (खंड 5), पिछले एक महीने के दौरान प्रमुख खाद्य वस्तुओं की खरीद के लिए व्यय की गई राशि (खंड 6) और आय/वेतन में परिवर्तन संबंधी प्रत्याशा (खंड 7) की जानकारी शामिल होती है।

मूल्यों में परिवर्तन के संबंध में उत्तर हेतु दिये गये विकल्प हैं - (i) मूल्यों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक, (ii) मूल्यों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप, (iii) मूल्यों में वृद्धि वर्तमान दर से कम, (iv) मूल्यों में परिवर्तन नहीं और (v) मूल्यों में कमी। मुद्रास्फीति दरों को निश्चित दायरे में एकत्र किया जाता है - जिनमें से सबसे कम 'एक प्रतिशत से कम' और सबसे अधिक '16 प्रतिशत और उससे अधिक' होता है तथा इनके बीच की श्रेणियां 100 आधार अंकों के अंतर पर होती हैं।

## III सर्वेक्षण के परिणाम

### *III.1 सामान्य मूल्य प्रत्याशाएं*

- प्राय: सभी उत्तरदाता अगने तीन महीनों और अगले एक वर्ष में मूल्यों में वृद्धि की प्रत्याशा करते हैं।
- परंतु तीन माह आगे सामान्य मूल्यों में 'वर्तमान दर से अधिक' वृद्धि की प्रत्याशा करने वाले लोगों का प्रतिशत पिछले दौर के 83.6 प्रतिशत से घटकर 78.9 प्रतिशत रह गया और एक वर्ष आगे के मामले में यह 84.4 प्रतिशत से बढ़कर 86.8 प्रतिशत हो गया (सारणी 2)।

**सारणी 2: आगामी तीन माह और आगामी एक वर्ष की कीमतों की उत्पाद-वार प्रत्याशाएं** *(जारी)*

(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)

| दौर सं./सर्वेक्षण अवधि(समाप्त तिमाही) | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सितं.11 | दिसं.11 | मार्च 12 | जून.12 | सितं.12 | सितं.11 | दिसं.11 | मार्च 12 | जून.12 | सितं.12 |
| विकल्प: **सामान्य के लिए** | आगामी तीन माह | | | | | आगामी एक वर्ष | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **97.3** | **96.1** | **98.2** | **99.0** | **98.9** | **96.0** | **97.1** | **98.3** | **99.5** | **99.1** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 75.8 | 73.4 | 75.6 | 83.6 | 78.9 | 73.5 | 76.9 | 78.8 | 84.4 | 86.8 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 15.4 | 13.2 | 15.9 | 11.2 | 14.5 | 16.7 | 12.6 | 14.0 | 10.5 | 7.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 6.0 | 9.6 | 6.7 | 4.2 | 5.5 | 5.9 | 7.6 | 5.5 | 4.6 | 4.8 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **2.2** | **3.0** | **1.6** | **1.0** | **1.1** | **3.3** | **2.5** | **1.6** | **0.4** | **0.8** |
| **कीमतों में कमी** | **0.6** | **0.9** | **0.2** | **0.1** | **0.1** | **0.7** | **0.4** | **0.1** | **0.1** | **0.1** |
| विकल्प: **खाद्य वस्तुओं के लिए** | आगामी तीन माह | | | | | आगामी एक वर्ष | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **97.3** | **95.3** | **98.2** | **98.8** | **98.8** | **95.8** | **96.8** | **98.2** | **99.4** | **99.1** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 74.2 | 70.4 | 69.8 | 80.8 | 78.6 | 72.0 | 73.7 | 74.4 | 82.5 | 85.7 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 17.2 | 16.7 | 21.2 | 14.3 | 15.5 | 19.0 | 15.8 | 18.6 | 12.6 | 9.9 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 5.9 | 8.2 | 7.2 | 3.7 | 4.7 | 4.8 | 7.4 | 5.2 | 4.3 | 3.5 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **1.9** | **3.4** | **1.6** | **1.1** | **1.1** | **3.3** | **2.7** | **1.7** | **0.5** | **0.9** |
| **कीमतों में कमी** | **0.9** | **1.3** | **0.3** | **0.1** | **0.2** | **0.9** | **0.5** | **0.2** | **0.1** | **0.1** |
| विकल्प: **खाद्येतर वस्तुओं के लिए** | आगामी तीन माह | | | | | आगामी एक वर्ष | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **95.6** | **94.3** | **97.5** | **97.8** | **98.1** | **95.2** | **96.2** | **98.1** | **99.3** | **99.0** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 67.1 | 66.1 | 63.7 | 72.6 | 70.0 | 66.4 | 67.5 | 68.5 | 79.9 | 80.3 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 21.5 | 18.3 | 24.3 | 20.3 | 20.5 | 22.7 | 20.8 | 22.6 | 15.2 | 13.8 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 7.0 | 9.9 | 9.5 | 4.9 | 7.6 | 6.1 | 8.0 | 7.0 | 4.2 | 4.9 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **3.8** | **4.9** | **2.4** | **2.2** | **1.9** | **4.1** | **3.3** | **1.9** | **0.6** | **1.0** |
| **कीमतों में कमी** | **0.7** | **0.9** | **0.2** | **0.2** | **0.1** | **0.8** | **0.5** | **0.1** | **0.1** | **0.1** |
| विकल्प: **घरेलू टिकाऊ वस्तुओं के लिए** | आगामी तीन माह | | | | | आगामी एक वर्ष | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **91.0** | **86.9** | **90.0** | **94.3** | **86.9** | **91.5** | **90.6** | **91.9** | **96.3** | **94.9** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 50.5 | 53.6 | 50.7 | 63.5 | 49.9 | 52.2 | 54.6 | 52.4 | 66.9 | 60.9 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 26.4 | 19.5 | 25.7 | 22.4 | 21.9 | 26.0 | 22.6 | 25.7 | 18.8 | 21.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 14.1 | 13.8 | 13.6 | 8.4 | 15.1 | 13.3 | 13.4 | 13.8 | 10.6 | 12.4 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **5.8** | **10.8** | **8.5** | **5.1** | **11.7** | **6.2** | **7.8** | **7.0** | **3.4** | **4.7** |
| **कीमतों में कमी** | **3.3** | **2.3** | **1.5** | **0.6** | **1.4** | **2.3** | **1.7** | **1.2** | **0.4** | **0.4** |

**सारणी 2: आगामी तीन माह और आगामी एक वर्ष की कीमतों की उत्पाद-वार प्रत्याशाएं** *(समाप्त)*

(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)

| दौर सं./सर्वेक्षण अवधि(समाप्त तिमाही) | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सितं.11 | दिसं.11 | मार्च 12 | जून.12 | सितं.12 | सितं.11 | दिसं.11 | मार्च 12 | जून.12 | सितं.12 |
| विकल्पः **आवास की कीमतों के लिए** | आगामी तीन माह | | | | | आगामी एक वर्ष | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **97.0** | **95.5** | **96.3** | **96.4** | **94.9** | **95.8** | **96.1** | **97.7** | **98.9** | **98.4** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 73.5 | 67.4 | 70.4 | 73.0 | 75.1 | 70.2 | 67.3 | 73.4 | 76.9 | 83.5 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 18.2 | 18.2 | 19.5 | 18.3 | 14.8 | 20.0 | 20.6 | 19.3 | 16.8 | 10.7 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 5.4 | 10.0 | 6.4 | 5.1 | 5.0 | 5.6 | 8.2 | 5.0 | 5.2 | 4.2 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **2.2** | **3.8** | **3.3** | **3.2** | **3.5** | **3.3** | **3.5** | **2.1** | **0.9** | **1.5** |
| **कीमतों में कमी** | **0.8** | **0.7** | **0.4** | **0.5** | **1.7** | **0.9** | **0.5** | **0.3** | **0.2** | **0.1** |
| विकल्पः **सेवाओं की लागत के लिए** | आगामी तीन माह | | | | | आगामी एक वर्ष | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **95.3** | **91.9** | **95.8** | **96.4** | **93.6** | **95.2** | **93.6** | **97.1** | **98.1** | **97.4** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 68.1 | 58.7 | 67.3 | 73.0 | 69.1 | 66.3 | 65.3 | 69.6 | 74.0 | 76.5 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 20.3 | 21.2 | 20.3 | 18.3 | 17.8 | 23.4 | 18.6 | 19.8 | 18.5 | 14.5 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 6.8 | 12.1 | 8.2 | 5.1 | 6.7 | 5.4 | 9.8 | 7.7 | 5.6 | 6.5 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **4.0** | **7.4** | **4.0** | **3.2** | **5.9** | **4.2** | **5.9** | **2.8** | **2.0** | **2.5** |
| **कीमतों में कमी** | **0.8** | **0.7** | **0.3** | **0.5** | **0.5** | **0.7** | **0.5** | **0.2** | **0.1** | **0.1** |

## *III.2 उत्पाद समूह-वार मूल्य प्रत्याशाएं*

- अगले तीन महीनों में टिकाऊ घरेलू वस्तुओं, आवास तथा सेवाओं के *मूल्यों में वृद्धि* की प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं के प्रतिशत में गिरावट आई है जबकि खाद्येतर उत्पादों के मामले में यह बढ़ा है। किंतु एक वर्ष आगे की अवधि में मूल्य वृद्धि की प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत सभी उत्पाद समूहों के मामले में कम हुआ है (सारणी 2)।

- अगले तीन महीनों में आवास को छोड़कर सभी उत्पाद समूहों के मूल्यों में *'वर्तमान दर से अधिक दर पर'* वृद्धि की प्रत्याशा करने वाले लोगों के अनुपात में गिरावट आई है जबकि अगले एक वर्ष में टिकाऊ घरेलू वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पाद समूहों के मूल्यों में उक्त दर के अनुरूप वृद्धि की प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं के अनुपात में वृद्धि हुई है (सारणी 2)।

## *III.3 सामान्य और उत्पाद समूह-वार मूल्य प्रत्याशाओं के बीच संबंध*

- पिछले दौरों की तरह, यह देखा गया कि सामान्य मूल्य प्रत्याशाएं अन्य उत्पाद समूहों की तुलना में खाद्यान्न मूल्य प्रत्याशाओं के अधिक अनुरूप रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सामान्य मूल्य प्रत्याशाओं के संबंध में विचार बनाने के लिए 90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाता खाद्यान्नों के मूल्यों में प्रत्याशित परिवर्तनों से प्रभावित हुए हैं (सारणी 3)।

**सारणी 3: विभिन्न उत्पाद-समूहों की कीमत प्रत्याशाओं में घट-बढ़ के अनुरूप सामान्य कीमत में घट-बढ़ की आशा करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत - आगामी तीन माह और आगामी एक वर्ष**

(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)

| दौर सं. | सर्वेक्षण की तिमाही | खाद्यान्न | खाद्येतर | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाओं की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आगामी तीन माह की अवधि | | | | | | |
| 25 | सितं-11 | 88.8 | 86.2 | 68.0 | 84.4 | 85.2 |
| 26 | दिसं-11 | 87.9 | 82.4 | 67.6 | 74.4 | 74.7 |
| 27 | मार्च-12 | 87.7 | 82.7 | 65.4 | 84.1 | 83.7 |
| 28 | जून-12 | 90.5 | 84.5 | 73.2 | 82.8 | 82.6 |
| 29 | सितं-12 | 90.9 | 86.0 | 60.5 | 83.3 | 81.1 |
| आगामी एक वर्ष की अवधि | | | | | | |
| 25 | सितं-11 | 92.4 | 87.2 | 71.1 | 85.7 | 86.3 |
| 26 | दिसं-11 | 92.3 | 84.5 | 68.0 | 78.1 | 81.2 |
| 27 | मार्च-12 | 91.8 | 84.0 | 65.7 | 83.9 | 85.9 |
| 28 | जून-12 | 92.5 | 88.0 | 77.1 | 85.1 | 87.1 |
| 29 | सितं-12 | 95.9 | 90.3 | 69.5 | 91.0 | 87.2 |

- इसके अलावा, सर्वेक्षण के इस दौर में पिछले दौर की तुलना में, एक वर्ष बाद की अवधि हेतु सामान्य मूल्य प्रत्याशाओं एवं आवास मूल्य प्रत्याशाओं के बीच संबंध में तेजी से वृद्धि देखी गई है।

## *III.4 मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं*

- मीडियन के साथ-साथ मीन मुद्रास्फीति दर पर आधारित अनुभूत वर्तमान मुद्रास्फीति एवं तीन माह आगे की मुद्रास्फीति प्रत्याशा दर में पिछले दौर की तुलना में कमी आई है। परंतु

**सारणी 4: घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं - वर्तमान, आगामी तीन महीने तथा आगामी एक वर्ष**

| सर्वेक्षण दौर | सर्वेक्षण तिमाही | मुद्रास्फीति दर प्रतिशत में | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | चालू | | | आगामी तीन महीने | | | आगामी एक वर्ष | | |
| | | मीन | मीडियन | मानक विचलन | मीन | मीडियन | मानक विचलन | मीन | मीडियन | मानक विचलन |
| 25 | सितं-11 | 11.7 | 10.5 | 3.1 | 12.2 | 11.5 | 3.4 | 12.9 | 13.5 | 3.7 |
| 26 | दिसं-11 | 11.9 | 11.5 | 3.5 | 12.4 | 12.5 | 3.4 | 13.3 | 13.5 | 3.4 |
| 27 | मार्च-12 | 11.0 | 10.5 | 4.1 | 11.7 | 11.5 | 3.9 | 12.5 | 12.5 | 3.8 |
| 28 | जून-12 | 11.3 | 10.5 | 3.9 | 12.0 | 11.5 | 3.7 | 12.8 | 12.5 | 3.4 |
| 29 | सितं-12 | 10.6 | 9.5 | 3.8 | 11.5 | 10.5 | 3.6 | 12.7 | 13.5 | 3.5 |

पिछले सर्वेक्षण दौर की तुलना में अगले एक वर्ष की मीडियन मुद्रास्फीति प्रत्याशा दर में वृद्धि हुई और मीन मुद्रास्फीति प्रत्याशा दर में गिरावट आई (सारणी 4)।

- परिवारों की प्रत्याशा है कि मुद्रास्फीति में इस समय अनुभूत 10.6 प्रतिशत की तुलना में आगामी तीन महीनों और आगामी एक वर्ष बाद क्रमशः 90 और 210 आधार अंकों की वृद्धि होगी (सारणी 4)।
- ऐसा प्रतीत होता है कि दैनिक कामगार तथा गृहिणी मीन मुद्रास्फीति दर के आधार पर मुद्रास्फीति में मामूली वृद्धि की प्रत्याशा करते हैं। विभिन्न शहरों में से जयपुर और मुम्बई में मीन मुद्रास्फीति दर के आधार पर मुद्रास्फीति की प्रत्याशा करने वाले लोगों की संख्या सबसे अधिक पाई जाती है और कोलकाता में सबसे कम (सारणी 5)।
- सर्वेक्षण इतिहास के बड़े भाग में परिवारों की वर्तमान मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं थोक मूल्य सूचकांक और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक कामगार मुद्रास्फीति दरों के बीच रहीं। परंतु सर्वेक्षण के सितंबर 2010 की समाप्त तिमाही के दौर से परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं मुद्रास्फीति की इन दरों से अधिक रही हैं (चार्ट 1)।

**सारणी 5: सितम्बर 2012 के सर्वेक्षण दौर की विभिन्न समूह-वार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**

| | वर्तमान | | | आगामी तीन महीने | | | आगामी एक वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मीन | मीडियन | मानक विचलन | मीन | मीडियन | मानक विचलन | मीन | मीडियन | मानक विचलन |
| **लिंग-वार** | | | | | | | | | |
| पुरुष | 10.4 | 9.5 | 3.8 | 11.3 | 10.5 | 3.7 | 12.6 | 13.5 | 3.5 |
| स्त्री | 10.9 | 10.5 | 3.8 | 11.8 | 11.5 | 3.7 | 12.9 | 13.5 | 3.6 |
| **श्रेणी-वार** | | | | | | | | | |
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 9.7 | 8.5 | 3.7 | 10.6 | 9.5 | 3.5 | 11.9 | 11.5 | 3.3 |
| अन्य कर्मचारी | 10.6 | 9.5 | 3.7 | 11.3 | 10.5 | 3.7 | 12.6 | 13.5 | 3.5 |
| स्व-नियोजित | 10.7 | 10.5 | 3.8 | 11.5 | 11.5 | 3.9 | 12.9 | 13.5 | 3.5 |
| गृहिणियां | 10.9 | 10.5 | 3.8 | 11.7 | 11.5 | 3.6 | 12.9 | 13.5 | 3.6 |
| सेवानिवृत्त व्यक्ति | 10.1 | 9.5 | 3.9 | 11.2 | 10.5 | 3.7 | 12.4 | 12.5 | 3.6 |
| दैनिक कामगार | 11.1 | 9.5 | 3.9 | 12.0 | 11.5 | 3.7 | 13.1 | 14.5 | 3.5 |
| अन्य | 10.5 | 9.5 | 3.9 | 11.3 | 10.5 | 3.6 | 12.8 | 13.5 | 3.5 |
| **आयु-वार** | | | | | | | | | |
| 25 वर्ष तक | 10.8 | 10.5 | 3.8 | 11.6 | 11.5 | 3.7 | 13.0 | 13.5 | 3.5 |
| 25 से 30 वर्ष | 10.6 | 9.5 | 3.8 | 11.5 | 10.5 | 3.6 | 12.6 | 13.5 | 3.7 |
| 30 से 35 वर्ष | 10.8 | 9.5 | 3.9 | 11.7 | 11.5 | 3.7 | 12.9 | 13.5 | 3.5 |
| 35 से 40 वर्ष | 10.4 | 9.5 | 3.8 | 11.3 | 10.5 | 3.7 | 12.7 | 13.5 | 3.4 |
| 40 से 45 वर्ष | 10.5 | 9.5 | 3.9 | 11.3 | 10.5 | 3.7 | 12.6 | 12.5 | 3.6 |
| 45 से 50 वर्ष | 10.7 | 9.5 | 3.9 | 11.7 | 11.5 | 3.8 | 12.9 | 13.5 | 3.6 |
| 50 से 55 वर्ष | 10.4 | 9.5 | 3.7 | 11.2 | 10.5 | 3.8 | 12.3 | 12.5 | 3.8 |
| 55 से 60 वर्ष | 10.7 | 9.5 | 3.9 | 11.4 | 10.5 | 4.1 | 12.8 | 13.5 | 3.7 |
| 60 वर्ष और अधिक | 10.4 | 9.5 | 3.9 | 11.4 | 10.5 | 3.6 | 12.7 | 13.5 | 3.4 |

**सारणी 5: सितम्बर 2012 के सर्वेक्षण दौर की विभिन्न समूह-वार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**

| | वर्तमान | | | आगामी तीन महीने | | | आगामी एक वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मीन | मीडियन | मानक विचलन | मीन | मीडियन | मानक विचलन | मीन | मीडियन | मानक विचलन |
| **शहर-वार** | | | | | | | | | |
| मुंबई | 14.7 | 15.5 | 2.5 | 15.2 | 16.5 | 2.5 | 16.2 | 16.5 | 1.1 |
| दिल्ली | 10.6 | 9.5 | 3.4 | 11.3 | 10.5 | 3.5 | 12.3 | 11.5 | 3.2 |
| चेन्नै | 9.0 | 8.5 | 2.4 | 10.0 | 9.5 | 2.4 | 9.9 | 9.5 | 3.4 |
| कोलकाता | 7.0 | 6.5 | 1.1 | 7.7 | 7.5 | 1.9 | 9.1 | 9.5 | 2.2 |
| बेंगलुरू | 13.4 | 14.5 | 3.4 | 14.0 | 15.5 | 3.1 | 14.5 | 16.5 | 2.7 |
| हैदराबाद | 11.1 | 11.5 | 4.2 | 11.5 | 12.5 | 4.2 | 12.5 | 13.5 | 3.6 |
| अहमदाबाद | 8.6 | 8.5 | 1.1 | 10.3 | 9.5 | 1.6 | 15.0 | 15.5 | 1.7 |
| लखनऊ | 11.3 | 11.5 | 3.6 | 12.6 | 13.5 | 3.2 | 14.2 | 15.5 | 2.7 |
| जयपुर | 15.5 | 16.5 | 3.2 | 15.6 | 16.5 | 2.9 | 15.8 | 16.5 | 2.3 |
| भोपाल | 8.8 | 8.5 | 2.9 | 10.1 | 9.5 | 3.0 | 11.9 | 11.5 | 2.8 |
| पटना | 10.6 | 10.5 | 3.1 | 11.8 | 11.5 | 2.9 | 13.8 | 14.5 | 2.5 |
| गुवाहाटी | 8.1 | 8.5 | 1.7 | 9.2 | 9.5 | 2.6 | 11.1 | 10.5 | 2.3 |
| **सभी** | **10.6** | **9.5** | **3.8** | **11.5** | **10.5** | **3.6** | **12.7** | **13.5** | **3.5** |


## *III.5 वर्तमान मुद्रास्फीति और भावी प्रत्याशाओं का अंतर-वर्गीकरण*

- वर्तमान मुद्रास्फीति, अगले तीन महीने एवं अगले एक वर्ष में मुद्रास्फीति का दहाई अंकों में रहने की प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं के अनुपात में पिछले दौर की तुलना में कमी आई।
- विशेष रूप से 47.1 प्रतिशत उत्तरदाताओं (पिछले दौर में 51.8 प्रतिशत) का विचार था कि वर्तमान मुद्रास्फीति दहाई के अंकों में रहेगी। उसी प्रकार से 59.3 प्रतिशत (पिछले दौर में 65.0 प्रतिशत) और 73.1 प्रतिशत (पिछले दौर में 76.5 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने क्रमशः अगले तीन महीनों और एक वर्ष में मुद्रास्फीति की दर दहाई के अंकों में रहने की प्रत्याशा व्यक्त की (सारणी 6 और सारणी 7)।

## *III.6 मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा उठाए गए उपायों के संबंध में जागरूकता*

- जहां तक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा की जाने वाली कार्रवाई तथा उसके असर के संबंध में प्राप्त उत्तरों का संबंध है, 52 प्रतिशत उत्तरदाता मुद्रास्फीति के नियंत्रण में रिज़र्व बैंक की भूमिका से अवगत हैं। इनमें से 29

**चार्ट 1: आधिकारिक मुद्रास्फीति के आंकड़ों की तुलना में परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**



## सारणी 6: वर्तमान और आगामी तीन महीने की मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं का अंतर-सारणीकरण

(उत्तरदाताओं की संख्या)

| मुद्रास्फीति की वर्तमान दर (प्रतिशत) | आगामी तीन महीने की मुद्रास्फीति दर (प्रतिशत) → | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | <1 | 1-2 | 2-3 | 3-4 | 4-5 | 5-6 | 6-7 | 7-8 | 8-9 | 9-10 | 10-11 | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | >=16 | कोई अनुमान नहीं | कुल |
| <1 | 2 | | | | 2 | | 2 | | | | 1 | | | | | | 1 | | **8** |
| 1-2 | | | 1 | 2 | | | | | | | | | | | | | | | **3** |
| 2-3 | | | | 4 | 2 | | | | | | | | | | | | | | **6** |
| 3-4 | | | 1 | 2 | 6 | 3 | | | | | | | | | | | | | **12** |
| 4-5 | | | | | 2 | 30 | 13 | 3 | 1 | 2 | | | | | | 1 | | | **52** |
| 5-6 | 1 | | | | 1 | 29 | 98 | 12 | 7 | 1 | 1 | | | | | | 1 | | **151** |
| 6-7 | | | | | 1 | 30 | 87 | 325 | 75 | 52 | 10 | 3 | 2 | | | | | | **585** |
| 7-8 | 1 | | | | | | 7 | 69 | 282 | 113 | 25 | 4 | | | | | 3 | 5 | **509** |
| 8-9 | 2 | | | | | 1 | 0 | 6 | 60 | 177 | 116 | 14 | 6 | 2 | 1 | 1 | 1 | | **387** |
| 9-10 | | | | | | | 1 | | 6 | 79 | 214 | 68 | 14 | 8 | 5 | 6 | 1 | | **402** |
| 10-11 | | | | | | | | | | 2 | 32 | 174 | 79 | 11 | 8 | 8 | 4 | | **318** |
| 11-12 | 2 | | | | | | | | | 1 | 2 | 12 | 156 | 23 | 10 | 1 | 3 | | **210** |
| 12-13 | | | | | | | | | | | | | 8 | 131 | 37 | 7 | 1 | | **184** |
| 13-14 | | | | | | | | | | | | | | 6 | 76 | 22 | 2 | | **106** |
| 14-15 | 2 | | | | | | | | | 1 | 1 | | 2 | 2 | 13 | 146 | 20 | | **187** |
| 15-16 | 2 | | | | | | | | | | | | 2 | 1 | | 13 | 115 | 1 | **134** |
| >=16 | 7 | | | | | | | | 1 | 1 | 6 | 1 | | 1 | 6 | 5 | 715 | 3 | **746** |
| **कुल** | **19** | | **2** | **8** | **14** | **93** | **208** | **415** | **432** | **429** | **408** | **276** | **269** | **185** | **156** | **210** | **867** | **9** | **4000** |

**टिप्पणी:** छायांकित सेल में दिए गए आंकड़े उन उत्तरदाताओं की संख्या दर्शाते हैं जो यह मानते हैं कि वर्तमान तथा आगामी तीन माह की मुद्रास्फीति दहाई के अंकों में होगी।

प्रतिशत ने यह विचार व्यक्त किया कि रिज़र्व बैंक इस संबंध में आवश्यक कदम उठाता है। इन 29 प्रतिशत में से 48 प्रतिशत का मानना है कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में रिज़र्व बैंक की कार्रवाई का असर पड़ता है (चार्ट 2)।


## सारणी 7: वर्तमान तथा आगामी एक वर्ष की मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं का अंतर-सारणीकरण

(उत्तरदाताओं की संख्या)

| मुद्रास्फीति की वर्तमान दर (प्रतिशत) | आगामी एक वर्ष की मुद्रास्फीति दर (प्रतिशत) → | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | <1 | 1-2 | 2-3 | 3-4 | 4-5 | 5-6 | 6-7 | 7-8 | 8-9 | 9-10 | 10-11 | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | >=16 | कोई अनुमान नहीं | कुल |
| <1 | | | | | | | | | | | 1 | | | | | | 7 | | **8** |
| 1-2 | | | | | 1 | 1 | 1 | | | | | | | | | | | | **3** |
| 2-3 | | | | | 2 | 1 | 2 | | | 1 | | | | | | | | | **6** |
| 3-4 | | | 1 | | | 4 | 2 | 0 | 1 | 2 | | | | 1 | 1 | | | | **12** |
| 4-5 | | | | 3 | 2 | 0 | 22 | 8 | 8 | 4 | 1 | | 1 | | | 1 | 1 | 1 | **52** |
| 5-6 | 3 | | | | 1 | 20 | 8 | 68 | 23 | 10 | 6 | 2 | 3 | | 2 | 1 | 4 | | **151** |
| 6-7 | 3 | | | | 2 | 15 | 64 | 62 | 202 | 86 | 76 | 42 | 16 | 4 | 5 | 7 | 0 | 1 | **585** |
| 7-8 | 7 | | | | | | 11 | 55 | 22 | 182 | 83 | 52 | 17 | 15 | 14 | 35 | 10 | 6 | **509** |
| 8-9 | 4 | | | | | | | 6 | 26 | 37 | 119 | 44 | 62 | 12 | 17 | 34 | 26 | | **387** |
| 9-10 | 2 | | | | | | | | 7 | 24 | 35 | 120 | 36 | 43 | 46 | 28 | 59 | 2 | **402** |
| 10-11 | 3 | | | | | | | | | 4 | 14 | 29 | 86 | 36 | 60 | 55 | 30 | 1 | **318** |
| 11-12 | 1 | | | | | | | | | | | 8 | 10 | 123 | 11 | 42 | 13 | 2 | **210** |
| 12-13 | 4 | | | | | | | | | | | 2 | 4 | 1 | 76 | 67 | 28 | 2 | **184** |
| 13-14 | 1 | | | | | | | | | | | 1 | | 4 | 2 | 54 | 44 | | **106** |
| 14-15 | | | | | | | | | | | | | 4 | 1 | 8 | 26 | 147 | 1 | **187** |
| 15-16 | | | | | | | | | | | 1 | | | 1 | | | 126 | 6 | **134** |
| >=16 | 1 | | | 1 | | | 2 | 4 | 4 | | 2 | 1 | 4 | | | 9 | 703 | 15 | **746** |
| **कुल** | **29** | | **1** | **4** | **8** | **41** | **112** | **203** | **293** | **350** | **338** | **301** | **243** | **241** | **242** | **359** | **1198** | **37** | **4000** |

**टिप्पणी:** छायांकित सेल में दिए गए आंकड़े उन उत्तरदाताओं की संख्या दर्शाते हैं जो यह मानते हैं कि वर्तमान तथा आगामी एक वर्ष की मुद्रास्फीति दहाई के अंकों में होगी।

**चार्ट 2: मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए रिज़र्व बैंक की कार्रवाई के बारे में उत्तरदाताओं की धारणा**




- जहाँ मुद्रास्फीति के नियंत्रण के मामले में वित्तीय क्षेत्र के अधिकतर कर्मचारियों को भारतीय रिज़र्व बैंक की भूमिका की जानकारी है, वहीं अधिकतर दैनिक कामगार इस संबंध में अनभिज्ञ हैं (सारणी 8)।

## *III.7 आय/वेतन में परिवर्तन संबंधी प्रत्याशाएं*

- वेतनभोगी/स्व-नियोजित/दैनिक कामगार श्रेणियों के 2,244 उत्तरदाताओं में से 54 प्रतिशत ने बताया कि पिछले एक वर्ष में उनकी मजदूरी/आय में वृद्धि हुई है और 80 प्रतिशत ने प्रत्याशा की है कि अगले एक वर्ष में उनकी आय/मजदूरी में वृद्धि होगी। 72 प्रतिशत लोगों को आगामी 3 महीनों में अपनी आय/मजदूरी बढ़ने की गुंजाइश दिखाई नहीं देती (सारणी 9)।

- जिन उत्तरदाताओं ने पिछले एक वर्ष में आमदनी बढ़ने की सूचना दी है एवं /या आगामी एक वर्ष में इसकी बढ़ने की प्रत्याशा करते हैं उनमें से अधिकांश वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी में और सबसे कम संख्या में दैनिक कामगार हैं (सारणी 9)।

**सारणी 8: मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए रिज़र्व बैंक की कार्रवाई और उसके असर के बारे में जानकारी**

(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)

| उत्तरदाताओं की श्रेणी | क्या रिज़र्व बैंक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई कर रहा है | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | हां | | | | नहीं | पता नहीं |
| | मुद्रास्फीति के नियंत्रण के संबंध में रिज़र्व बैंक की कार्रवाई का असर | | | | | |
| | हां | नहीं | पता नहीं | कुल | | |
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 27.5 | 22.9 | 6.4 | 56.8 | 12.8 | 30.4 |
| अन्य कर्मचारी | 18.3 | 14.9 | 2.2 | 35.4 | 18.9 | 45.7 |
| स्व-नियोजित | 12.6 | 14.2 | 3.4 | 30.2 | 24.4 | 45.5 |
| गृहिणियां | 8.8 | 7.2 | 0.7 | 16.6 | 27.8 | 55.5 |
| सेवानिवृत्त व्यक्ति | 16.4 | 15.6 | 3.1 | 35.0 | 23.6 | 41.4 |
| दैनिक कामगार | 6.9 | 5.0 | 1.9 | 13.9 | 32.1 | 54.0 |
| अन्य | 14.7 | 13.8 | 1.8 | 30.4 | 17.0 | 52.7 |
| **सभी** | **13.8** | **12.4** | **2.4** | **28.5** | **23.6** | **47.9** |

**सारणी 9 : वेतन/ आय के स्तर में परिवर्तन के संबंध में उत्तरदाताओं की प्रत्याशाएं**

(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)

| उत्तरदाताओं की श्रेणी | पिछले वर्ष से आय में परिवर्तन | | | अगले तीन माह में आय में परिवर्तन | | | अगले एक वर्ष में आय में परिवर्तन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वृद्धि | कोई परिवर्तन नहीं | कमी | वृद्धि | कोई परिवर्तन नहीं | कमी | वृद्धि | कोई परिवर्तन नहीं | कमी |
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 70.4 | 27.7 | 1.9 | 30.1 | 69.1 | 0.8 | 92.3 | 6.9 | 0.8 |
| अन्य कर्मचारी | 59.5 | 39.1 | 0.8 | 22.6 | 75.8 | 0.9 | 83.5 | 15.1 | 0.6 |
| **कुल कर्मचारी** | **63.5** | **34.9** | **1.2** | **25.4** | **73.4** | **0.9** | **86.7** | **12.1** | **0.7** |
| स्व-नियोजित | 48.0 | 42.2 | 9.1 | 29.0 | 67.6 | 2.8 | 77.0 | 19.1 | 3.3 |
| दैनिक कामगार | 39.9 | 54.3 | 5.8 | 17.5 | 80.1 | 2.5 | 70.6 | 27.4 | 1.9 |
| **कुल** | **53.8** | **40.8** | **4.9** | **25.5** | **72.2** | **1.9** | **80.4** | **17.2** | **1.9** |

## अनुबंध

# भारतीय रिज़र्व बैंक
# सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग,
# उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण,
# सितम्बर 2012

**उत्तर का कोड**

| दौर संख्या | जोन | शहर | | | लिंग | आयु वर्ग | श्रेणी | क्रम संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | | | | | | | | | | | |

**खंड 1. उत्तरदाता की पहचान**

1. उत्तरदाता का नाम: ______________________________

2. उत्तरदाता का पता: ______________________________

| शहर | | राज्य | | पिन | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

3. टेलीफोन / मोबाईल नं.: ______________________________

4. उत्तरदाता का लिंग (कृपया उपयुक्त स्थान पर [1] पुरूष [2] महिला

5. उत्तरदाता की उम्र (पूर्ण वर्षों में, 18 वर्ष से अधिक): _____.

6. उत्तरदाता का वर्ग (कृपया उपयुक्त स्थान पर (√) निशान लगाएं) यदि 'गृहिणी' या 'अन्य' श्रेणी हो तो कृपया परिवार के मुख्य अर्जक सदस्य के श्रेणी कोड का उल्लेख करें।

| वित्तीय क्षेत्र के कमचारी | अन्य कर्मचारी | स्व-नियोजित | गृहिणी | | सेवानिवृत्त | दैनिक श्रमिक | अन्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**खड 2. अगले तीन माह की कीमतों के बारे में उत्तरदाता की प्रत्याशा** (कृपया प्रत्येक कॉलम के संबंधित खाने पर (√) निशान लगाएं)

| | विकल्प | सामान्य | खाद्य उत्पाद | खाद्य से इतर उत्पाद | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | वर्तमान दर से अधिक दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| ii | वर्तमान दर के अनुसार कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iii | वर्तमान दर से कम दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iv | कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं | | | | | | |
| v | कीमतों में कमी | | | | | | |

**खड 3. अगले 1 वर्ष की कीमतों के बारे में उत्तरदाता की प्रत्याशा** (कृपया प्रत्येक कॉलम के संबंधित खाने पर (√) निशान लगाएं)

| | विकल्प | सामान्य | खाद्य उत्पाद | खाद्य से इतर उत्पाद | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | वर्तमान दर से अधिक दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| ii | वर्तमान दर के अनुसार कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iii | वर्तमान दर से कम दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iv | कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं | | | | | | |
| v | कीमतों में कमी | | | | | | |

**खंड 4. मूल्य स्थिरता के लिए रिज़र्व बैंक की कार्रवाई के बारे में उत्तरदाताओं के विचार**

*क्या आपको लगता है कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिजर्व बैंक आवश्यक कार्रवाई कर रहा है? विकल्प-हां/नहीं/पता नहीं*
*यदि हां, तो क्या इसका मुद्रास्फीति पर असर पड़ेगा? हां/नहीं/पता नहीं*

**खंड 5. निम्नलिखित मुद्रास्फीति दरों पर उत्तरदाता के विचार : (कृपया संबंधित खाने पर (√) निशान लगाएं)**

| मानदंड | विकल्प | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्तमान मुद्रास्फीति दर | < 1% | 1 - 2 % | 2 - 3 % | 3 - 4 % | 4 - 5 % | 5 - 6 % | 6 - 7% | 7 - 8% | 8 - 9% | If >16% |
| | 9 - 10% | 10 - 11% | 11 - 12% | 12 - 13% | 13 - 14% | 14 - 15% | 15 - 16 % | >16 % | पता नहीं | |
| आगामी 3 माह की मुद्रास्फीति दर | < 1% | 1 - 2 % | 2 - 3 % | 3 - 4 % | 4 - 5 % | 5 - 6 % | 6 - 7% | 7 - 8% | 8 - 9% | If >16% |
| | 9 - 10% | 10 - 11% | 11 - 12% | 12 - 13% | 13 - 14% | 14 - 15% | 15 - 16 % | >16 % | पता नहीं | |
| आगामी 1 वर्ष की मुद्रास्फीति दर | < 1% | 1 - 2 % | 2 - 3 % | 3 - 4 % | 4 - 5 % | 5 - 6 % | 6 - 7% | 7 - 8% | 8 - 9% | If >16% |
| | 9 - 10% | 10 - 11% | 11 - 12% | 12 - 13% | 13 - 14% | 14 - 15% | 15 - 16 % | >16 % | पता नहीं | |

**खंड 6 पिछले एक माह में निम्नलिखित प्रमुख खाद्य वस्तुओं की खरीद के लिए आपके द्वारा खर्च की गई राशि**

| दूध (₹ प्रति लिटर) | गेंहू का आंटा (₹ प्रति लिटर) | चावल (₹ प्रति लिटर) | चना दाल (₹ प्रति लिटर) | (₹ प्रति लिटर) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

**खंड 7: कीमतों में परिवर्तन की दृष्टि से वेतन/आय में होने वाले संभावित परिवर्तन के बारे में उत्तरदाताओं की धारणा**

| विकल्प | एक वर्ष पहले की तुलना में वेतन / आय में परिवर्तन | अगले तीन माह में वेतन/आय में संभावित परिवर्तन | अगले एक वर्ष में वेतन / आय में संभावित परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| वृद्धि | | | |
| कोई परिवर्तन नहीं | | | |
| कमी | | | |

**अन्वेषक का नाम:** **अन्वेषक के हस्ताक्षर:** **साक्षात्कार की तारीख (ता./महीना /वर्ष) 09/2012**

## अनुबंध
## विभिन्न उत्पाद समूहों के मानदंडों का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| **खाद उत्पाद** | (i) | अनाज (गेहूं, चावल, दालें आदि), फल सब्जियाँ, चीनी, खाद्य तेल,डेयरी उत्पाद और बेकरी उत्पाद, चाय, कॉफी आदि |
| | (ii) | मांस, मछली और समुद्री उत्पाद |
| | (iii) | सॉफ्ट कार्बोनेटेड पेय और मिनरल वाटर, पेय पदार्थ |
| | (iv) | बीडी, सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद जैसे जर्दा, पान मसाला और संबद्ध उत्पाद आदि |
| **खाद्येतर उत्पाद** | (i) | कपडे और परिधान वस्त्र |
| | (ii) | फार्मास्यूटिकल और दवाएं, साफ-सफाई और पालिस के उत्पाद, साबुन, डिटर्जेंट |
| | (iii) | रबड़ और रबड़ उत्पाद, आयर और टयूब |
| | (iv) | प्लास्टिक और प्लास्टिक उत्पाद |
| | (v) | चमड़ा और चमड़े के उत्पाद (जूते आदि) |
| | (vi) | कागज़ और कागज़ उत्पाद (लेखन सामग्री आदि) |
| | (vii) | पेट्रोलियम और कोयला उत्पाद |
| | (viii) | मूल रसायन और रासायनिक उत्पाद, डाई और डाई के सामान |
| | (ix) | मूल धातु, गैर धातु खनिज उत्पाद आदि |
| **घरेलू टिकाऊ वस्तुएं** | (i) | श्रव्य-दृश्य उपकरण (रेडियो, टीवी, वीडियो कैमरा, टेलीफोन, माइक्रोफोन मोबाइल आदि) |
| | (ii) | फर्नीचर, लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद |
| | (iii) | वशिंग मशीन, एयर कूलर और एयर कंडीशनर |
| | (iv) | पर्सनल कंप्यूटर |
| | (v) | घड़ियां और दीवाल घड़िया, आदि |
| **आवास** | (i) | आवास/कार्यालय परिसर का निर्माण और रखरखाव |
| | (ii) | साइट की तैयारी |
| | (iii) | मकान किराया |
| **सेवाएं** | (v) | यातायात तथा संचार |
| | (vi) | शिक्षा और मनोरंजन |
| | (vii) | चिकित्सा सुविधाएं |
| | (viii) | आईटी सेवाएं |
| | (ix) | व्यक्तिगत देखभाल और प्रयास |
| | (x) | बैंकिंग /डाक/कूरियर सेवाएं |